राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 24 अप्रेल । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। उन्होंने कहा कि गांव हमारी ताकत हैं, और पंचायत के रूप में लोकतंत्र की गहरी जड़ें यहीं से मजबूत होती हैं।

आखा तीज और परशुराम जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 24 अप्रेल । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आखा तीज और परशुराम जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप में पर्व मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ है– जिसका कभी नाश (क्षय) न हो अथवा जो स्थायी रहे। स्थायी वही रह सकता है जो सदा शाश्वत है। इसी दिन भगवान परशुराम का अवतार हुआ था इसलिए इनकी जयंती भी अक्षय तृतीया को मनाई जाती है। राज्यपाल ने कहा है कि इस बार इन पर्वों को अपने घरों पर रह कर ही मनाना है। कोरोना वैश्विक महामारी पर जीत पाने के लिए हमें लॉक डाउन का पालन करना है। सोशल डिस्टेन्स बनाकर रखनी है और मास्क का उपयोग करना है। श्री मिश्र ने इन पर्वो पर प्रदेश को कोरोना से मुक्ति मिलने और प्रदेश में खुशहाली की कामना की है।

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर को राज्यपाल का नमन

जयपुर, 24 अप्रेल । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि राष्ट्र कवि दिनकर ने अपनी ओजस्वी रचनाओं से लोगों में राष्ट्र भक्ति की चेतना जगाई।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल